# D.A.V PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT

# Periodic Assessment - 1(2021)

## CLASS- VI

## SUBJECT- HIGHER HINDI

**FULL MARKS- 40** **Time - 60 MINS.**

**सामान्य निर्देश - सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।**

*** इस प्रश्नपत्र में तीन खंड हैं।**

*** यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: लिखिए ।**

*** इस प्रश्नपत्र में 40 प्रश्न हैं।**

## खंड - क (अपठित गद्यांश -1)

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए:-** **(1x5)**

वाणी प्राणी की पहचान है। जिस प्रकार कौए और कोयल की पहचान उनकी वाणी से हो जाती है, उसी प्रकार किसी व्यक्ति के आचार-व्यवहार तथा स्वभाव की परख उसकी वाणी द्वारा ही होती है। मीठी वाणी दूसरों को वश में करने की औषधि है। जब हम मधुर वाणी का श्रवण करते हैं, तब हमारा चित्त प्रसन्न हो जाता है। सज्जन सर्वदा मधुर वाणी का ही प्रयोग करते हैं, जबकि दुर्जनों की वाणी कटु तथा कर्कश होती है। मीठी वाणी शत्रु को मित्र बना सकती है, निराश व्यक्तियों में आशा, उत्साह का संचार कर सकती है। कटु वाणी हृदय में शूल की तरह चुभती है। इससे अपने भी पराये हो जाते हैं। इतना ही नही कटु वाणी लड़ाई-झगड़ों, यहाँ तक कि बड़े युद्ध का कारण भी बन जाती है। द्रौपदी के कटुवचन महाभारत का कारण बने, ऐसा कहा जाता है। जिस व्यक्ति ने अपनी वाणी को वश में कर लिया और मधुर वचनों का प्रयोग सीख लिया, उसने मानो सब पा लिया। मधुर वाणी अमृत के समान कार्य करती है।

**(क) प्राणी की पहचान किससे होती है?**

(i) कपड़ों से

(ii) व्यवहार से

(iii) वाणी से

(iv) चाल से

Ans. (iii)

**(ख) दुर्जनों की वाणी —— होती है।**

(i) मीठी

(ii) कटु व कर्कश

(iii) मंत्रमुग्ध करने वाली

(iv) आकर्षक

Ans. (ii)

**(ग) ऐसा कहा जाता है कि महाभारत का कारण था द्रोपदी के ————।**

(i) मधुर वचन

(ii) प्रेम

(iii) कटु वचन

(iv) ममता

Ans. (iii)

**(घ) हमार चित्त कैसी वाणी के श्रवण से प्रसन्न होता है?**

(i) मधुर वाणी के

(ii) दुर्जनों के

(iii) तर्कपूर्ण वाणी के

(iv) अहंकार पूर्ण वाणी का

Ans. (i)

**(ङ) अपठित गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।**

(i) प्राणी

(ii) दुर्जन

(iii) मनुष्य

(iv) वाणी

Ans. (iv)

## (अपठित गद्यांश- 2)

2. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए:-** **(1x5=5)**

राम-भक्ति धारा में योगदान देने वाले कवियों की संख्या यद्यपि अधिक नहीं है, परंतु हिंदी के सर्वश्रेष्ठ कवि गोस्वामी तुलसी दास के कारण ही वह व्यापक और प्रभावशाली हो गई। राम तुलसी के काव्यनायक है। तुलसीदास ने राम के लोकरंजक एवं लोकरक्षक दोनों रूपों को काव्य के लिए चुना। राम के व्यापक चरित्र को काव्य का विषय बनाने से उनके काव्य में सभी रसों का सहज ही समावेश हो गया। इस धारा के कवि भक्त कवि कहलाते हैं। भक्त कवि वैष्णव थे और विष्णु के साकार रूप के उपासक थे। इन्होंने मर्यादा के ऊपर बहुत ध्यान दिया। मर्यादा पुरुषोत्तम राम को इष्टदेव बनाने के कारण ऐसा करना स्वाभाविक भी था। यद्यपि इस धारा के प्रधान और प्रतिनिधि कवि गोस्वामी तुलसीदास ही थे। तथापि कुछ अन्य कवियों ने भी अपने काव्यों द्वारा इस धारा को पल्लवित किया। तुलसीदास के रामचरितमानस इस काव्य धारा की सर्वश्रेष्ठ रचना है।

**(क) राम भक्ति धारा के सर्वश्रेष्ठ कवि कौन हैं?**

(i) सूर

(ii) जायसी

(iii) कबीर

(iv) तुलसी

Ans.(iv)

**(ख) तुलसी के काव्य-नायक कौन हैं?**

(i) राम

(ii) कृष्ण

(iii) निर्गुण

(iv) नारद

Ans.(i)

**(ग) इस धारा के कवि क्या कहलाते हैं?**

(i) सूफी कवि

(ii) कृष्ण कवि

(iii) संत कवि

(iv) भक्त कवि

Ans. (iv)

**(घ) भक्त कवियों ने किस पर ध्यान दिया?**

(i) राजा पर

(ii) ऊंच नीच पर

(iii) मनमानेपन पर

(iv) मर्यादा पर

Ans. (iv)

**(ङ) इस काव्य धारा की सर्वश्रेष्ठ रचना है?**

(i) सूरसागर

(ii) रामचरितमानस

(iii) पद्मावत

(iv) कबीर वाणी

Ans.(ii)

# खंड - ख [व्याकरण]

**3.क) निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए जो दिए शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है।**

**(विकल्पों में से छाँट कर लिखिये। )** **(2)**

1. अंधेरा - (i) अंधकार (ii) तम (iii) आकाश (iv) तिमिर

Ans) (iii)

2. पेड़- (i) तरु (ii) वृक्ष (iii) पादप (iv) अनिल

Ans) (iv)

**3(ख). निम्नलिखित विकल्पों में से सही लिंग भेद पर (✔) का चिह्न लगाइए :** **(2)**

1. सुनार - (i) नारी (ii) मोरनी (iii) छात्रा (iv) सुनारिन

Ans) (iv)

2. गाय - (i) हथिनी (ii) बैल (iii) बछड़ा (iv) बलवती

Ans) (ii)

**3.(ग.)दिए गए विकल्पों में से सही विलोम शब्द चुनिए: (2)**

1. अपने - (i) पराए (ii) रंक (iii) सौगात (iv) दूसरे

Ans) (i)

2. आरंभ - (i) कटु (ii) अंत (iii) ध्वंस (iv) छाँव

Ans) (ii)

**3.(घ. )निम्नलिखित शब्दों में से सही अनुस्वार-युक्त शब्द चुनकर लिखिए। (2)**

(a) [i] अहंकार [ii] अहँकार [iii] अँहकार [iv] अंहकार

Ans) (i)

(b) [i] घंमड [ii] घमंड [iii] घँमड [iv] घमँड

Ans) (ii)

**3.ङ) निम्नलिखित विकल्पों में से सही बहुवचन छाँटिए : (2)**

1. कविता - (i) कवितँ (ii) कविताएँ (iii) कविते (iv) कबीताए

Ans) (ii)

2. कहानी - (i) कहानीयाँ (ii) कहानियाँ (iii) कहानीयौँ (iv)काहानीयों

Ans) (ii)

# खंड (ग) ( पाठ्य - पुस्तक)

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए - (1x20=20)**

**(**क) मेहनत करने वालों के लिए रास्ता किसने छोड़ दिया?

(i) नदी ने

(ii) पर्वत ने

(iii) समुद्र ने

(iv) आकाश ने

Ans) (iii)

**(ख) एक से एक ज़र्रा मिले तो क्या बन जाता है ?**

i) सेहरा

(ii) )रास्ता

(iii) धरती

(iv) आकाश

Ans) (i)

**(ग) लेखक ——— तिथि पर बारात में शामिल होने गया।**

(i) नियत

(ii) नियति

(iii) नियमित

( iv) निकट

Ans) (i)

**(घ) लेखक के पास जो अख़बार आया उसमें पूरे _________ पेज थे।**

(i) तीस

(ii) इकतीस

(iii) बत्तीस

(iv) चालीस

Ans) - (iii)

**(ङ) कवि और उसके मित्रों की मंजिल का रास्ता कैसा है?**

(i) नेक

ii)पथरीला

(iii) सीधा-सादा

(iv) )टेढ़ा-मेढ़ा

Ans) (i)

**(च). विशाल समुद्र का निर्माण कैसे होता है?**

(i) एक-एक कण मिलकर

(ii) एक-एक राई मिलकर

(iii) एक-एक बूँद मिलकर

(iv) इनमें से कोई नहीं।

Ans)(iii)

**(छ).महिपाल सिंह ___________ सटीक निशाना मारते थे।**

(i) दोनों हाथों से

(ii) बाएँ हाथ से

(iii) दाएँ हाथ से

(iv) इनमें से कोई नहीं

Ans)(i)

**(ज) हिमपात कहाँ होता है?**

(i) मैदानों में

(ii) वृक्षों पर

(iii) फसलों पर

(iv) पहाडों पर

Ans) (iv)

**झ. बूँदे ओलों का रूप कहाँ धारण करती हैं?**

(i) नीचे की शीतल हवा में

(ii) ऊपर की गर्म हवा में

(iii) ऊपर की ठंडी हवा में

(iv) नीचे की गर्म हवा में

Ans) (iv)

**ञ) ठंडी हवा चलने से मौसम ___________ हो गया था।**

(i) डरावना

(ii) लुभावना

(iii)  सुहावना

(iv) आर्द्रता भरा

Ans) (iii)

**ट) इंसान के अपने लेख की रेखा क्या है ?**

(i) आराम

(ii) मेहनत

( iii) कोशिश

(iv) सहजता

Ans) - (ii)

**ठ) अखिलेश शर्मा को मिली चिट्ठी में उन्हें अख़बार के लिए क्या लिखकर भेजने को कहा गया था ?**

(i) जीवनी

(ii) कविता

(iii) कहानी

(iv) संस्मरण

Ans) - (ii)

**ड) महिपाल सिंह का दायाँ हाथ उस समय उड़ गया था जब वे ——————।**

(i) शत्रु को अपनी गोलियों का निशाना बना रहे थे।

(ii) शत्रुओं के हमले से जान बचाकर भाग रहे थे।

(iii) शत्रुओं से युद्ध विराम की माँग कर रहे थे।

(iv) शत्रुओं को ललकार रहे थे।

Ans) - (i)

**ढ) महिपाल सिंह के व्यक्तित्व से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?**

(i) अख़बार निकालने की

(ii) विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानकर लगन दृढ़ संकल्प और परिश्रम से आगे बढ़ना चाहिए ताकि हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

(iii) सटीक निशाना लगाने की

(iv) कहानी लिखने की

Ans) - (ii)

**ण) बरसते जल के रूप अनेक" पाठ के लेखक कौन हैं ?**

(i) शिवशंकर

(ii) मणिशंकर

(iii) रमाशंकर

(iv) हरिशंकर

Ans)-(i)

**त)अभिकथन: चिट्ठी ने लेखक के मन को अपनी ओर खींच लिया**

**कारण: चिट्ठी की लिखावट बहुत सुंदर थी।**

i) अभिकथन सत्य है और कारण अभिकथन का सही कारण है

ii) अभिकथन गलत है और कारण सत्य है

c) कथन सही है और कारण गलत है

d) अभिकथन सत्य है लेकिन कारण अभिकथन का सही कारण नहीं है

Ans) - ( i )

**थ) लेखक ने देखा कि उनका दायाँ हाथ कंधे तक कटा हुआ है। वह उनकी ओर ——————**

**होकर देखने लगे**

(i) मुग्ध

(ii) उल्लसित

(iii) आश्चर्यचकित

(iv) क्रोधित

Ans) - ( iii)

**द) ओलों के ऊपर बर्फ़ की और परत जमने पर क्या होता है ?**

(i) भारी होकर गिर जाते हैं।

(ii) ऊपर उड़ जाते हैं।

(iii) हल्के हो जाते हैं।

(iv) भाप बन कर रह अदृश्य हो जाते हैं।

Ans) - (i)

**ध) हमें पानी के —————— का भरपूर प्रयास करना चाहिए।**

(i) संरक्षण

(ii) भक्षण

(iii) अपव्यय

(iv) इन में से कोई भी नहीं।

Ans) - (i)

**न) अभिकथन - चारों बच्चे खुश थे।**

कारण - दादाजी के पास उनके बहुत से सवालों के जवाब थे।

i) अभिकथन सत्य है और कारण अभिकथन का सही कारण है

ii) अभिकथन गलत है और कारण सत्य है

iii) कथन सही है और कारण गलत है

iv) अभिकथन सत्य है लेकिन कारण अभिकथन का सही कारण नहीं है

Ans) - (i)